# लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर सेमिनार

## मॉडर्न इनोवेशन को आगे बढ़ाता सेमिनार

**DEHRADUN (29 Nov):** यूपीईएस में मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे संस्करण की शुरूआत हुई. दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस ने एल्सेवियर, यूनिवर्सिटी ऑफ डेटन और प्रोविडेंस यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया. इस दौरान अकादमिक विशिष्टता 47 देशों के 3800 से अधिक कंट्रीब्युटर्स की भागीदारी देखी गई. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित इस वर्ष का कार्यक्रम चार प्रमुख ट्रैक पर है.



### महत्व पर प्रकाश

यूपीएस में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. संजय बहल डायरेक्टर जनरल, डॉ. अजय कुमार डायरेक्टर व वाईस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने किया. यूपीईएस के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन डॉ. विजयशेखर चेलाबोइना ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला. कहा, आईसीएमएलडीई 3.0 मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में ग्लोबल कम्युनिकेशन बनाने की. दुनियाभर के रिसर्चर्स, एजुकेशनिस्ट और इंडस्ट्री लीडर्स को एक साथ लाकर ये कांफ्रेंस न केवल मॉडर्न इनोवेशन को आगे बढ़ाता है. बल्कि, सहयोग और नॉलेज शेयरिंग करने को भी बढ़ावा देता है.